प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण आज व्यापार तथा उद्योग जगत के प्रमुख लोगों के साथ करेंगी बजट–पूर्व परामर्श ।
2. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा बढ़ते भारत, बदलते भारत की गाथा है मन की बात कार्यक्रम।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे राज्य के 47 प्रवासी श्रमिकों में से 11 की सुरक्षित वापसी, बाकी श्रमिकों को लाने के लिए प्रयास जारी।
4. मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, रांची समेत राज्य के दक्षिणी जिलों में बारिश की संभावना ।

   और

5. हॉकी इंडिया लीग के दूसरे दिन श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने हैदराबाद तूफांस को और सूरमा हॉकी क्लब ने तमिलनाडु ड्रैगन्स को हराया।

*******************

वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण आज व्यापार तथा उद्योग जगत के प्रमुख लोगों के साथ बजट–पूर्व परामर्श करेंगी। श्रीमती सीतारमण संसद में लगातार आठवां बजट पेश करने जा रही हैं। श्रीमती सीतारमण इस बैठक के जरिए विकास को तेज करने और खपत को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा करेंगी।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायी और महत्वपूर्ण जानकारियों से भरपूर संबोधन होता है। श्री मरांडी ने मन की बात कार्यक्रम के 117वें एपिसोड के प्रसारण सुनने के बाद कहा कि इस कार्यक्रम में देश की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं को संजोए हुए उसकी गौरव गाथाओं के साथ सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति, बढ़ते भारत और बदलते भारत की झलक होती है। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को प्रधानमंत्री के आह्वान पर निरंतर चलते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान करने के लिए संकल्पित होना चाहिए।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हो गई है। रांची एयरपोर्ट पर संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, सहायक आयुक्त अविनाश कुमार कृष्ण समेत श्रम विभाग के अधिकारियों ने मजदूरों का स्वागत किया। मौके पर संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद ने आश्वासन दिया कि बाकी मजदूर भी जल्द वापस लौट आयेंगे।

*******************

हजारीबाग के सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनिता कुमारी को न्याय दिलाने और दोषियों को सजा देने की मांग को लेकर कैंडल मार्च और मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित ये जुलूस बुढ़वा महादेव प्रांगण से शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए झंडा चौक पहुंचकर समाप्त हुआ, जहां अनिता कुमारी को श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी ने उन्हें नमन किया। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि वे सड़क से लेकर सदन तक इस मुद्दे को उठाएंगे।

मौके पर मौजूद चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि वे आरोपित की गिरफ्तारी और कड़ी सज़ा की मांग कर रहे हैं।

इधर, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से आग्रह किया है कि सदर एसडीओ को पद मुक्त किया जाए ताकि बिना किसी दबाव के जांच की जा सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिले।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने प्रदेश महामंत्री तथा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा को झारखंड का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है, जबकि प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, सुनीता सिंह और दुर्गा मरांडी को सह चुनाव अधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में कल पत्र जारी कर घोषणा की गई।

*******************

पाकुड जिले में आयुष विभाग सुदूर क्षेत्रो के लोगो को आयुष चिकित्सा का लाभ देने में जुटा हुआ है।

*******************

मौसम विभाग ने झारखंड के 15 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, दुमका, देवघर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा शामिल हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज पलामू, संताल और उत्तरी जिलों में कोहरे का प्रभाव देखने को मिलेगा। साथ ही रांची समेत राज्य के दक्षिणी जिलों में भी बारिश की संभावना बनी हुई है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग के दूसरे दिन के मैच में सूरमा हॉकी क्लब ने पेनल्टी शूट–आउट में तमिलनाडु ड्रैगन्स को चार–एक से हरा दिया है। इससे पहले श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने हैदराबाद तूफ़ान को तीन–दो से हराकर तीन अंक हासिल किए। आज, उत्तर प्रदेश रुद्र का मुकाबला वेदांत कलिंगा लांसर्स से होगा। मैच भारतीय समय अनुसार सवा आठ बजे से शुरू होगा।

*******************

इंडियन सुपर लीग फुटबॉल–आईएसएल 2024–25 में जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने जे आर डी टाटा खेल परिसर में केरल ब्लास्टर्स फुटबॉल क्लब को एक–शून्य से हरा दिया। जमशेदपुर फुटबॉल क्लब के प्रतीक चौधरी ने दूसरे हाफ में गोल किया। जमशेदपुर फुटबॉल क्लब अपना अगला मैच 4 जनवरी को बेंगलुरु फुटबॉल क्लब के खिलाफ़ खेलेगा।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने आज अलग अलग खबरों को अपनी लीड बनाई है।

दैनिक जागरण ने अपने मन की बात कार्यक्रम के हवारे से लिखा समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है संविधान।

हिंदुस्तान की लीड खबर है–राज्य में पंचायतें करेंगी पर्यटन स्थल का विकास।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है 17 साल की काम्या 7 महाद्वीपों की सात चोटियां फतह कर बनी दुनिया की सबसे युवा पर्वतारोही।

प्रभात खबर की हेडलाइन है–संसाधन में झारखंड के स्कूल टाप पर, लेकिन शिक्षकों की कमी।

अंग्रेजी अखबार टाईम्स आफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने दक्षिण कोरिया में विमान दुर्घटना की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।